# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 21.03.2026** **समय : 1905**

- **अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर राजधानी श्री विजयपुरम में दो दिवसीय मैंग्रोव कार्यशाला का शुभारंभ, संरक्षण और प्रबंधन पर होगा मंथन। द्वीपों की जैव विविधता को वैश्विक मंच देने पर बल दिया गया।**
- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्रामीण हाट' का भव्य शुभारम्भ, गुप्तापाड़ा में साप्ताहिक हाट से किसानों और स्थानीय व्यापारियों को नया बाजार मंच मिलेगा।**
- **कार निकोबार के पेरका गांव स्थित सामुदायिक भवन में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**
- **पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित स्थानीय युवाओं के लिए टूर गाइडिंग, ईको–टूर गाइडिंग एवं बर्डिंग पर आधारित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन।**

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय मैंग्रोव कार्यशाला का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक संजय कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशासन एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रख्यात वैज्ञानिक, वक्ता, शोधार्थी, छात्र–छात्राएं और शिक्षक सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत मुख्य वन संरक्षक डॉ. दिनेश कन्नन के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने अपने संबोधन में इस राष्ट्रीयस्तर की पहली मैंग्रोव कार्यशाला के आयोजन पर वन विभाग को बधाई दी और प्रतिभागियों से देश के गंभीर मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र, विशेषकर द्वीप समूह के संदर्भ में गहन समझ विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने भविष्य में भी राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से द्वीपों की जैव विविधता को वैश्विक मंच तक पहुँचाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, वन अधिकारियों, छात्रों और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाकर मैंग्रोव संरक्षण एवं प्रबंधन के नवीनतम पहलुओं पर चर्चा और विचार–विमर्श करना है। कार्यशाला के दौरान मुख्यभूमि और द्वीपों से आए विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे तथा शोधार्थी अपने वैज्ञानिक शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में मैंग्रोव संरक्षण और प्रबंधन से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

<><><><><><><>

गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत की पहल पर कल 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्रामीण हाट' का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। यह साप्ताहिक बाजार गुप्तापाड़ा जंक्शन के पास पुराने रबर बागान क्षेत्र में आयोजित होगा। कल सुबह पांच बजे से शुरू होने वाला यह हाट आम जनता के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां ताजे फल और सब्जियां, मछली, स्ट्रीट फूड तथा स्थानीय हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसके अलावा स्थानीय स्वयं सहयता समूह और बेरोजगार युवा द्वारा स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जाएगी। ग्राम पंचायत के अनुसार, यह हाट स्थानीय लोगों को एक सशक्त बाजार मंच प्रदान करेगा। यह बाजार कल से शुरू होकर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत ने आम जनता से इस पहल का लाभ उठाने और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करने की अपील की है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पर रे ने कल श्री विजयपुरम नगरपालिका क्षेत्र के पांच वार्डों में सी आर एफ के तहत वित्तपोषित सड़क कार्यों के लिए शिलान्यास किया। ये कार्य आंतरिक संपर्क सड़कों के पुनःसतहीकरण, सड़कों को चौड़ा करने और सुधार से संबंधित हैं। कार्यक्रम में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा, सचिव, संबंधित वार्डों के पार्षद और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने इन बहुप्रतीक्षित सड़क कार्यों के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से उनके क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। सांसद बिष्णु पद रे के निरंतर प्रयासों से अब ये कार्य सी आर एफ के तहत शुरू किए गए हैं। सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सड़क कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 1 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के सुधार से कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी और यात्रियों के लिए आवाजाही अधिक आसान और सुरक्षित बनेगी।

<><><><><><><>

एम एस एम ई के अंतर्गत एमएसएमई–विकास एवं सुविधा कार्यालय, श्री विजयपुरम द्वारा कल कार निकोबार के पेरका गांव स्थित सामुदायिक भवन में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पचहत्तर से अधिक पीएम विश्वकर्मा कारीगरों, उद्यमियों और हितधारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमएसएमई–डीएफओ के सहायक निदेशक प्रभारी, श्री जी.के. सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया और पीएम विश्वकर्मा योजना तथा एमएसएमई पहलों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली के एमएसएमई मंत्रालय के निदेशक अंकिता पांडेय ने अपने संबोधन में पारंपरिक कारीगरों को समर्थन देने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उद्यमिता और एमएसएमई योजनाओं पर एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में टूर गाइडिंग, ईको–टूर गाइडिंग एवं बर्डिंग पर आधारित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। यह कार्यक्रम पर्यटन निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से स्थानीय युवाओं के लिए 09 मार्च से 20 मार्च तक दो स्थानों—आपदा प्रबंधन निदेशालय और अंडमान टील हाउस, में आयोजित हुआ। समापन अवसर पर पर्यटन निदेशक विनायक चामड़िया ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कौशल विकास और बेहतर संचार पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिसमें सेल्युलर जेल, जैविक उद्यान चिड़ियाटापू और बैरन द्वीप जैसे स्थलों का भ्रमण भी शामिल रहा।

<><><><><><><>

केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से जे एन आर एम में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य निवारक एवं प्रोत्साहक मौखिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना, अवसंरचना एवं मानव संसाधनों को सुदृढ़ करना तथा समुदाय, विशेषकर बच्चों और कमजोर वर्गों के बीच मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, इस वर्ष की थीम है 'स्वस्थ मुंह खुशहाल जीवन', जो जीवन की समग्र गुणवत्ता के लिए अच्छे मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए डॉ. एच. एम. सिद्धाराजु, डीएचएस ने समग्र स्वास्थ्य में मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि अतिथि सम्मान के रूप में जेएनआरएम की प्राचार्या, डॉ. पर्ल देवदास ने जागरूकता और निवारक देखभाल की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय में संविदा आधार पर लेखा अधिकारी के एक पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत लेखा अधिकारी के पद के लिए 05 मार्च को आयोजित साक्षात्कार का परिणाम समाज कल्याण विभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दिया गया है तथा विभागीय वेबसाइट के "WHAT'S NEW" अनुभाग में भी अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>